


पृष्ठ संख्या 2

डाक पंजीयन संख्या- RJ/JPM/160/2024-26

RNI NO.- RAJHIN/2021/80841

# संस्कार सृजन

हिन्दी पाक्षिक

CBC CODE-134222






सम्पादक: राम गोपाल सैनी
मो.: 9214996258

वर्ष: 04 | अंक: 23 | पृष्ठ : 4 | जयपुर, शनिवार 7 मार्च, 2026 | मूल्य: 05 रू. | वार्षिक मूल्य : 150 रू.


## अब सरकारी भवनों की शिलापट्टिकाओं पर निर्वाचित जन प्रतिनिधियों का ही नाम लिखे-देवनानी

**जयपुर (संस्कार सृजन)।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरूवार को सदन में प्रश्नकाल के दौरान व्यवस्था देते हुए कहा कि सभी सरकारी भवनों के उद्घाटन के समय शिलालेखों पर चुने हुए जनप्रतिनिधियों का नाम ही लिखा जाना चाहिये, चाहे वह किसी भी दल से संबंधित हों।चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह प्रश्नकाल के दौरान विधायक शत्रुघन गौतम द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि नियमानुसार सरकारी भवनों की शिलापट्टिकाओं पर सांसद से लेकर सरपंच तक चुने हुए जन प्रतिनिधियों का ही नाम होना चाहिये। उन्होंने कहा कि भविष्य में इसका उल्लंघन होने पर जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।सिंह ने विधानसभा में कहा कि केकड़ी जिला अस्पताल में मातृ एवं शिशु चिकित्सा इकाई का कार्य लगभग पूरा हो गया है तथा उद्घाटन के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि पूर्व में इस इकाई के भवन निर्माण का काम पूरा हुए बिना ही उद्घाटन किये जाने तथा शिलापट्टिका पर नियम विरुद्ध नाम लिखे जाने की जांच कराई जाएगी। साथ ही प्रदेश में अन्य चिकित्सा संस्थानों के भवनों पर भी नियम विरुद्ध लिखे गए शिलालेखों को टाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा 30 सितम्बर 2023 को आचार संहिता लगने से मात्र तीन दिन पहले आनन फानन में केकड़ी जिला



अस्पताल की मातृ एवं शिशु चिकित्सा इकाई के अधूरे बने भवन का उद्घाटन कर दिया गया। साथ ही नाम पट्टिका पर भी चुने हुए जनप्रतिनिधियों के अतिरिक्त अन्य नाम अंकित कर दिये गए। चिकित्सा मंत्री ने बताया कि उद्घाटन के लिए विभाग द्वारा अनुमति भी नहीं ली गई थी।

इससे पहले सदस्य गौतम के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में उन्होंने बताया कि केकडी जिला अस्पताल में 100 बैडेड मातृ एवं शिशु चिकित्सा इकाई के भवन निर्माण के लिए 3396.81 लाख रूपये की स्वीकृति एनएचएम पीआईपी 2021-22 मद में जारी की गई। उन्होंने कहा कि इस स्वीकृति के क्रम में भवन निर्माण कार्य हेतु निविदा संख्या-02/21-22 दिनांक 17 अगस्त 2021 को जारी की गई। उन्होंने इसकी प्रति एवं कार्यादेश की प्रति सदन के पटल पर रखी। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल केकडी में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य इकाई के भवन निर्माण का कार्य पूर्ण करने के उपरान्त हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि उक्त चिकित्सा संस्थान का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से इसका औपचारिक उद्घाटन नहीं किया गया। इस कार्य का उद्घाटन किसी विभागीय स्वीकृति एवं प्रक्रिया द्वारा नहीं किये जाने के कारण किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही किया जाना विचाराधीन नहीं है।



## एसएमजेएफ संस्था में राधा कृष्ण की सजीव झांकी ने मोह लिया मन

**चौमूं (संस्कार सृजन)।** कस्बे की एसएमजेएफ संस्था में होली पर्व के उपलक्ष पर फागोत्सव कार्यक्रम रखा गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक रामलाल सैनी ने की । कार्यक्रम में राधा कृष्ण की सजीव झांकी सजाई गई ।

मनोरम सजी झांकी की महाविद्यालय संचालिका आशा सैनी ने आरती उतारी । साथ ही संस्था में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ । जिसमें नन्हे मुन्हे बच्चों ने श्रीकृष्ण भजनों पर प्रस्तुति दी । इस मौके पर संस्था निदेशक रामलाल सैनी ने बच्चों व स्टाफ सदस्यों के साथ फूलों की होली खेली ।




## यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने किया बाबा श्याम के भजन एल्बम का पोस्टर विमोचन

**चौमूं (संस्कार सृजन)।** राजस्थान सरकार के यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती, पूर्व विधायक व प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने आईथान म्यूजिक फैक्ट्री द्वारा रिलीज बाबा श्याम पर बने भजनों के एल्बम का पोस्टर विमोचन किया ।अभी हाल ही में सुनिल आईथान द्वारा निर्मित बाबा श्याम पर बने चार भजन ये कैसी परीक्षा है , खाटू नगरी से प्रीत, सांवले सरकार, मेरी रंग दे चुनर रिलीज किया गया है जिन्हें यूट्यूब चैनल आईथान म्यूजिक फैक्ट्री पर देखा जा सकता है ।इससे पूर्व भी ढोढसर निवासी सिंगर व आर्टिस्ट सुनिल आईथान(कुमावत) ने कई गानों व भजनों के एल्बम प्रसारित कर चुके हैं जिनमे विशेष बात यह रही की ग्रामीण परिवेश से निकलकर स्वयं के ही लेखन, गायन, संगीतकार और अभिनेता के रूप में भजनों में प्रस्तुति दी है । इस अवसर पर पूर्व सरपंच गोपाल डेनवाल, गोविंदगढ मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह शेखावत, कालाडेरा मंडल अध्यक्ष लालचन्द यादव, थानाधिकारी विनोद सांखला, गौ रक्षक दल अध्यक्ष शेरसिंह कुमावत, तुलसीराम डेनवाल सहित कई लोग मौजूद थे।

## सैनी समाज ने सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर दिया गणेशजी को निमंत्रण, रामनवमी को 28 जोड़े बंधेंगे परिणय सूत्र में

**चौमूं (संस्कार सृजन)।** सैनी समाज द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर तैयारियां विधिवत रूप से शुरू हो गई हैं। बुधवार को गणेश निमंत्रण के साथ विवाह समारोह की शुरुआत की गई। शहर के रींगस रोड़ स्थित सैनी समाज सभा भवन में एकत्रित हुए, जहां से शोभायात्रा के रूप में बस स्टैंड मार्ग होते हुए प्राचीन गढ़ स्थित गढ़ गणेश मंदिर पहुंचे। मंदिर में माली समाज विकास समिति अध्यक्ष हीरालाल सैनी के सानिध्य में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर गणेशजी को विवाह सम्मेलन का निमंत्रण दिया गया और आयोजन की सफलता की कामना की गई।आयोजन समिति महामंत्री मदनलाल मालेरिया व कोषाध्यक्ष एडवोकेट कुमार गौरव सैनी ने बताया कि आगामी 26 मार्च को रामनवमी के अबूझ मुहूर्त पर सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में 28 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधेंगे। समिति के अनुसार सम्मेलन को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। विवाह स्थल की व्यवस्थाएं, अतिथियों के स्वागत, भोजन, सजावट और अन्य आवश्यक तैयारियों को लेकर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस मौके पर माली समाज विकास समिति महामंत्री मदनलाल मालेरिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष माया सांखला, उपाध्यक्ष गणेश बैनाडिया, पूर्व अध्यक्ष मदन



जादम, प्रहलाद सहाय अधोपिया, दिनेश तिगरिया, घीसालाल तंवर, भवन निर्माण समिति अध्यक्ष जयनारायण चंदेल, महात्मा ज्योतिराव फुले संस्थान अध्यक्ष अनिल कुमार सैनी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूरजमल ठेकेदार, कर्मचारी संस्थान ब्लॉक अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सिंगोदिया, महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान तहसील अध्यक्ष सुरेश कुमार तंवर, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभाती लाल ठेकेदार, संरक्षक हनुमान सहाय सिंगोदिया, प्रदेश महामंत्री अभिषेक सैनी, सूरजमल करवा, पूरण मल करवा, हनुमान सहाय तंवर, भजन गायिका कोमल सैनी, नर्सिंग ऑफिसर प्रवीण सैनी, डॉ. मानप्रकाश सैनी, अशोक रोलावन, मदन बागड़ी, दीपक तंवर, पूर्व सरपंच कल्याण सहाय पापटवाण, कल्याण सहाय तोबड़ा, पार्षद बाबूलाल बिसनालिया, ओम प्रकाश सिंगोदिया महारकला, किशोर जमालपुरिया, नंछु राम सैनी, अर्जुन लाल सिंगोदिया, हिमांशु चंदेल, मोहनलाल तंवर, गोविंद नेता, मदन लाल सैनी इटावा, राजकुमार सैनी इटावा, ओमप्रकाश कालाडेरा, शंकर लाल सैनी खेजरोली, प्रकाश राई, पवन सैनी, राजकुमार कांकरवाल, महेंद्र सैनी, बाबूलाल अधोपिया, कमलेश बागड़ी, कैलाश चांदोलिया, गजानंद सैनी, गुलाब रोलावन, सतीश सैनी, रामगोपाल कालाडेरा, महेंद्र जमालपुरिया, ओमप्रकाश भगत, मोहनलाल सिंगोदिया, हीरालाल जादम, कैलाश सिंगोदिया सहित सैकड़ो की संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे।

## निःशुल्क न्यूरोथेरेपी कैंप लगाने पर हुआ सम्मान



**जयपुर (संस्कार सृजन)।** खाटू श्यामजी मेले में निःशुल्क न्यूरो थेरेपी कैंप में 500 भक्तों ने लाभ उठाया। जो 24 फरवरी से 27 फरवरी तक लगाया गया।

इसमें मुंबई से डॉक्टर राकेश विश्वकर्मा और उनकी टीम जयपुर से कल्याण सिंह गुर्जर, मनोज बागोरिया ने अपनी सेवाएं निःशुल्क दी ।

श्री श्याम सत्संग मंडल की कार्यकारिणी ने सभी डॉक्टर्स का सम्मान किया ।

## होली के अवसर पर ग्राम मजकोट में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**उत्तराखंड (संस्कार सृजन)।** जनपद बागेश्वर के ग्राम मजकोट में होली के पावन अवसर पर पर्यावरण मित्र गोलू पुरी के नेतृत्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान आरती देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य देवकी देवी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य रंगों के इस पावन पर्व को प्रकृति संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता के संदेश के साथ मनाना था। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया गया और उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम को संबोधित





करते हुए ग्राम प्रधान आरती देवी ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण हम सभी की नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने पर्यावरण मित्र गोलू पुरी द्वारा किए जा रहे पर्यावरणीय प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज को प्रकृति के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का कार्य करते हैं। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आव्हान किया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि वे न केवल वृक्षारोपण करेंगे, बल्कि लगाए गए पौधों की सुरक्षा और संरक्षण का भी पूरा ध्यान रखेंगे।

## संपादकीय

# कहीं आक्रामक न हो जाएं ईरान

अमेरिका और इजरायल ने साझा हवाई हमले करके ईरान की उस धार्मिक सत्ता-व्यवस्था को पूरी तरह से खत्म कर दिया, जो दशकों से चली आ रही थी। 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' नामक इस कार्रवाई में 37 वर्षों तक ईरान के सर्वोच्च नेता रहे अयातुल्ला अली खामेनेई अपने अनेक शीर्ष सैन्य कमांडरों के साथ मारे गए। यह ईरान में मात्र नेतृत्व का परिवर्तन नहीं है, बल्कि सन् 1979 से कायम भू-राजनीतिक व्यवस्था का हिंसक रूप से खत्म होना भी है।खामेनेई ने कभी अपने उत्तराधिकारी का नाम सार्वजनिक तौर पर नहीं लिया। यह जान-बूझकर लिया गया फैसला था, लेकिन इसने ईरान के मौजूदा परिदृश्य में एक सांविधानिक संकट पैदा कर दिया है। हालांकि, वहां की 88 सदस्यीय 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट', यानी विशेषज्ञ सभा के पास अगले सर्वोच्च नेता को चुनने की सांविधानिक ताकत है, लेकिन अंतरिम नेतृत्व अब तीन सदस्यीय परिषद के हाथों में है, जिसमें सुधारवादी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान, कट्टरपंथी न्यायपालिका के प्रमुख गुलाम हुसैन मोहसेनी-एजेई और गार्जियन कौंसिल के अयातुल्ला अलीरेजा अराफी शामिल हैं। दिवंगत सर्वोच्च नेता खामेनेई के 56 वर्षीय दूसरे बेटे अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई को उनका दावेदार माना जा रहा है। हालांकि, वंशवाद से जुड़ी चिंताएं उनकी उम्मीदवारी को जटिल बना सकती हैं, जिससे आंतरिक सत्ता-संघर्ष छिड़ सकता है। ऐसा लग रहा है कि यह देश एक धार्मिक तंत्र से सैन्य नेतृत्व वाली 'शासन व्यवस्था' में बदलने जा रहा है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) सत्ता व्यवस्था सीधे अपने हाथों में ले सकती है, क्योंकि वह ईरानी अर्थव्यवस्था के लगभग 60 फीसदी हिस्से को नियंत्रित करती है। अगर ऐसा हुआ, तो ईरान अधिक आक्रामक, कम कूटनीतिक कुशल और कहीं ज्यादा खतरनाक बन सकता है।अमेरिकी सैन्य अभियान संकेत है कि उसकी रणनीति बदल चुकी है। उसका उद्देश्य न सिर्फ ईरान में सत्ता परिवर्तन है, बल्कि क्षेत्र में इजरायली दबदबे को स्थापित करना भी है। ईरानी नेतृत्व को खत्म करके, उसके परमाणु व मिसाइल कार्यक्रमों को निष्क्रिय करके, वाशिंगटन व तेल अवीव एक 'निर्णायक बढ़त' हासिल करने की जुगत में हैं। इजरायल ने ट्रंप प्रशासन पर यह सुनिश्चित करने का दबाव डाला है कि हिज्बुल्ला व हूती जैसे विद्रोही गुटों को ईरान समर्थन देना पूरी तरह बंद कर दे। इसीलिए यह दांव खेला जा रहा है कि अत्यधिक बल प्रयोग से क्षेत्रीय शून्य पैदा हो और इजरायल एकमात्र ताकतवर देश बन जाए।'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' का समय खास तौर से चौंकाने वाला है। यह हमला दावोस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शांति बोर्ड की पहली बैठक के ठीक 10 दिनों बाद किया गया। गाजा की सुरक्षा और पुनर्निर्माण का आधिकारिक दायित्व सौंपे जाने के बावजूद यह बोर्ड 'झांसा देने वाला तंत्र' माना जा रहा है, क्योंकि इसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के बरअक्स खड़ा किया गया है, जिस पर सिर्फ राष्ट्रपति ट्रंप का नियंत्रण रहेगा। शांति बोर्ड जहां ट्रंप प्रशासन को गाजा में 'विसैन्यीकरण व विशेषज्ञों वाली शासन व्यवस्था' लागू करने की इजाजत देता है, वहीं तेहरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के राजनीतिक बहाने भी देता है। ट्रंप ने एक मोर्चे पर शांति के वायदे का इस्तेमाल दूसरे मोर्चे पर युद्ध को उचित ठहराने के लिए किया है।जाहिर है, पश्चिम एशिया अब कई मोर्चों पर तनाव के कगार पर खड़ा है। ईरान की इस्लामी फौज ने बहरीन, कतर, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, इराक और जॉर्डन स्थित कई अमेरिकी सैन्य ठिकानों के साथ-साथ इजरायल के रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया है। ईरान ने ओमान के दुक्म बंदरगाह पर भी हमला किया, जबकि मस्कट की मध्यस्थ की भूमिका जगजाहिर है। सबसे भयावह स्थिति होर्मुज जलडमरूमध्य का प्रभावित होना है, जहां से विश्व के 20 से 25 प्रतिशत तेल व गैस ढोने वाले जहाज गुजरते हैं। हालांकि, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के पास ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन (50 लाख बैरल प्रतिदिन क्षमता) और फुजैरा टर्मिनल (15 लाख बैरल प्रतिदिन) जैसी वैकल्पिक सुविधाएं उपलब्ध हैं, पर पूर्ण नाकेबंदी की स्थिति में ये पूरी तरह कारगर नहीं हो सकतीं। विश्लेषकों का मानना है कि यदि तेल-आपूर्ति में रुकावटें पैदा होती हैं, तो वैश्विक तेल की कीमतें 120 से 150 डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ सकती हैं। भारत इससे खास तौर से प्रभावित हो सकता है, क्योंकि उसके मासिक तेल आयात का करीब 50 से 52 प्रतिशत हिस्सा (करीब 26 लाख बैरल प्रतिदिन) होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर आता है। लंबे समय तक रुकावट से हमारा आयात खर्च बढ़ सकता है, जिससे चालू खाता घाटा बढ़ेगा और रुपये पर भारी दबाव पड़ेगा। इसी तरह, खाड़ी देशों में रहने वाले करीब एक करोड़ प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा भी उतनी ही अहम है।




## इन लोगों से नहीं करनी चाहिए गहरी दोस्ती, नोट कर लें आचार्य चाणक्य के अहम बातें

***अगर कोई भी व्यक्ति आचार्य चाणक्य की नीतियों का सही तरीके से पालन कर ले, तो उसका जीवन सफल हो जाता है। ऐसे ही रिश्तों को लेकर आचार्य चाणक्य ने कई अहम बातें बताई हैं। उन्होंने बताया है कि किन लोगों से गहरी दोस्ती नहीं करनी चाहिए।***

आचार्य चाणक्य की नीतियां आज के समय में भी प्रांसगिक हैं। कहते हैं कि अगर कोई भी व्यक्ति आचार्य चाणक्य की नीतियों का सही तरीके से पालन कर ले, तो उसका जीवन सफल हो जाता है। उन्होंने अपनी नीतियों के जरिए बड़ी से बड़ी बातें बताई हैं। ऐसे ही रिश्तों को लेकर आचार्य चाणक्य ने कई अहम बातें बताई हैं। उन्होंने बताया है कि किन लोगों से गहरी दोस्ती नहीं करनी चाहिए। नीचे आचार्य चाणक्य की 10 महत्वपूर्ण बातें बताई गई हैं, जिन्हें जीवन में उतार लिया जाए तो हम कई समस्याओं से बच सकते हैं।

**आचार्य चाणक्य के विचार**

1. आचार्य चाणक्य का मानना है कि कभी भी न तो अपने से बहुत ऊंचे स्तर के लोगों से और न ही बहुत नीचे स्तर के लोगों से गहरी दोस्ती करनी चाहिए, क्योंकि ऐसी दोस्ती अक्सर संतुलन और सच्ची खुशी नहीं दे पाती।

**सच्चा साथी कौन**

2. आचार्य चाणक्य का एक श्लोक है- आतुरे व्यसने प्राप्ते दुर्भिक्षे शत्रुसण्कटे। राजद्वारे श्मशाने च यात्तिष्ठति स बान्धवः ॥ इस श्लोक में आचार्य चाणक्य कहते हैं कि जब कोई बीमार होने पर, असमय शत्रु से घिर जाने पर, राजकार्य में सहायक रूप में तथा मृत्यु पर श्मशान भूमि में ले जाने वाला व्यक्ति ही सच्चा मित्र और बन्धु है। यानी जो आपका हर परिस्थिति में साथ दे, वही आपका सच्चा दोस्त है।

3. आचार्य चाणक्य कहते हैं कि शिक्षा मनुष्य की सबसे सच्ची साथी होती है। धन-दौलत खो सकती है, लेकिन ज्ञान हमेशा सम्मान दिलाता है और जीवन का रास्ता दिखाता है।

4. जो लोग हमारी पीठ पीछे काम बिगाड़ते हैं और सामने मीठा बोलते हैं, उनसे हमेशा दूर रहना चाहिए। ऐसे लोग ठीक वैसे हैं जैसे किसी घड़े के अंदर विष हैं और ऊपर से केवल दूध भरा है।

**सुखी कैसे रहें ?**

5. जो व्यक्ति अपनी चीजों को छोड़कर दूसरों की चीजों के पीछे भागता है, उसकी अपनी चीजें नष्ट हो जाती हैं। सुखी रहना चाहते हैं, तो अपनी चीजों में ही संतुष्ट रहें।

6. आचार्य चाणक्य कहते हैं कि मदद और मुस्कान वो इत्र है, जिसे जितना दूसरों पर छिड़केंगे हमारा जीवन उतना ही महकेगा।



## अमूल्य ज्ञान का बोध

### * सोलह संस्कार

1.गर्भाधान संस्कार 2. पुंसवन संस्कार 3. सीमन्तोन्नयन संस्कार 4. जातकर्म संस्कार 5. नामकरण संस्कार 6.निष्क्रमण संस्कार 7. अन्नप्राशन संस्कार 8. मुंडन संस्कार 9. कर्णवेधन संस्कार 10. यज्ञोपवीत संस्कार 11. वेदारंभ संस्कार 12. केशांत संस्कार 13. समावर्तन संस्कार 14. विवाह संस्कार 15. सन्यास संस्कार 16. अन्त्येष्टि संस्कार

### * अष्ट सिद्धि

1.अणिमा 2. महिमा 3. गरिमा 4. लघिमा . 5.प्राप्ति 6. प्राकाम्य 7. ईशित्व 8. वशित्व

### * नव निधियां

1.पद्म निधि 2. महापद्म निधि 3. नील 4. मुकुंद निधि 5. नंद निधि 6.मकर निधि 7. कच्छप निधि 8. शंख निधि 9. खर्व निधि

### * 27 नक्षत्र

1.आश्विन, 2.भरणी, 3.कृतिका, 4.रोहिणी, 5.मृगशिरा, 6.आर्द्रा 7.पुनर्वसु, 8.पुष्य, 9.आश्लेषा, 10.मघा, 11.पूर्वा फाल्गुनी, 12.उत्तरा फाल्गुनी, 13.हस्त, 14.चित्रा, 15.स्वाति, 16.विशाखा, 1।.अनुराधा, 18.ज्येष्ठा, 19.मूल, 20.पूर्वाषाढ़ा, 21.उत्तराषाढ़ा, 22.श्रवण, 23.धनिष्ठा, 24.शतभिषा, 25.पूर्वा भाद्रपद, 26.उत्तरा भाद्रपद और 27.रेवती

### * 12 राशियाँ

1. मेष 2. वृषभ 3. मिथुन 4. कर्क 5. सिंह 6. कन्या 7. तुला 8. वृश्चिक 9. धनु 10. मकर 11. कुम्भ 12.मीन

### * नवग्रह

1.सूर्य 2.चंद्र 3.मंगल 4.बुध 5.बृहस्पति 6.शुक्र 7.शनि 8.राहू 9.केतु

### * चार वेद

1.ऋग्वेद 2.यजुर्वेद 3.सामवेद 4.अथर्ववेद

### * सप्त ऋषि

1.वशिष्ठ 2.विश्वामित्र 3.कण्व 4.भारद्वाज 5.अत्रि 6.वामदेव 7.शौनक

### * 18 पुराण

1.ब्रह्म पुराण 2.पद्म पुराण 3.विष्णु पुराण 4. वायु पुराण (शिव पुराण)5.भागवत पुराण 6.नारद पुराण 7. मार्कण्डेय पुराण 8.अग्नि पुराण 9.भविष्य पुराण 10.ब्रह्मवैवर्त पुराण 11.लिंग पुराण 12.वाराह पुराण 13.स्कन्द पुराण 14.वामन पुराण 15.कूर्म पुराण 16.मत्स्य पुराण 17.गरुड पुराण 18.ब्रह्माण्ड पुराण

### * सोलह श्रृंगार

1.बिंदी, 2. सिंदूर, 3. काजल, 4. मेहन्दी, 5. चूड़ियाँ, 6. मंगल सूत्र, 7. नथ, 8. गजरा, 9. मांग टीका, 10. झुमके, 11. बाजूबंद, 12. कमरबंद, 13. बिछिया, 14. पायल, 15. अंगूठी, 16. स्नान

# ग्रामवासियों ने सड़क स्वीकृति पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का जताया आभार

**जयपुर (संस्कार सृजन)।** शहर के सुभाष सर्किल स्थित कार्यालय पर भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का ग्रामवासियों द्वारा सड़क स्वीकृति पर माला एवं साफा पहनाकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया।



गौरतलब है कि राजस्थान वित्त एवं विनियोग विधेयक 2026 पर सदन में चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा विधानसभा क्षेत्र चौमूं में सड़कों के निर्माण कार्य हेतु 15 करोड़ की राशि स्वीकृत की है। नांगल गोविंद, आष्टी कलां, किशनपुरा, घिनौई, आलीसर, जयसिंहपुरा और डोला का बास में सड़क स्वीकृति पर ग्रामीणों ने कार्यालय पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर गोरी का बास सड़क से स्कूल तक, रेनवाल रोड से यूपीएस स्कूल तक, कुमावतो की ढाणी से सीतारामपुरा वाया बनियावली ढाणी, विमलपुरा से रूडजी की ढाणी, गीदा का बास से किशनपुरा सड़क वाया कुमावतो की ढाणी, शिव मंदिर से आष्टी तक, बगड़ी रींगस सड़क से रीको तक (नांगल गोविंद) सड़क स्वीकृत की गई हैं। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त किया और ग्रामवासियों का स्वागत सम्मान के लिए आभार जताया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष लालचंद यादव, पंचायत समिति उप प्रधान प्रतिनिधि जयप्रकाश चौधरी, पूर्व सरपंच नाथूराम जाट, मगन सिंह, रामगोपाल मीणा, महंत योगेश्वर महामंत्री रिशपाल कुमावत, सरपंच सुल्तान बुनकर, एकता कंवर, पंचायत समिति सदस्य महेश बुनकर, ओम प्रकाश धामाणी, नेमीचंद शर्मा, भागचंद शर्मा, जगदीश यादव, पोखरमल निठारवाल, रतन लाल, लालचंद, कालूराम निठारवाल, सतपाल मीणा, बनवारी लाम्बा, बनवारी गढ़वाल, भोलूराम लौरा, हरलाल लौरा, रामकरण गढ़वाल, सांवरमल स्वामी, बोदूराम मीणा, भागीरथ बुनकर, सौभाग राठौड़, विनोद सेन, रुडमल, महेंद्र कुमावत, अवतार लौरा, अशोक लांबा, मोतीराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# नागरिक विकास समिति ने बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया होली-धुलण्डी का पर्व

**जयपुर (संस्कार सृजन)।** नागरिक विकास समिति, ब्लॉक 265, सेक्टर-26 प्रताप नगर द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय रंगोत्सव का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। रंगोत्सव के संयोजक भगवान सिंह ने बतलाया कि पिछले कई वर्षों से कॉलोनी वासियों के सामूहिक जनसहयोगी कमल कान्त शर्मा, कजोड़ मल बैरवा, रामस्वरूप बैरवा, महेश यादव, गणेश मीणा, सुभाष प्रजापत, सुनिल भाटिया, महेन्द्र बिस्ट, भीमाराव, ललित शर्मा, फूल सिंह शर्मा, रामावतार नागरवाल, कजोड प्रजापत, सुरेन्द्र जाटव, राजेश टहल्यानी, मुन्ना सिंह, अनन्त वरिष्ठ इत्यादि के विशेष सहयोग से होली पर्व को इस वर्ष भी बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। जिसके लिए पिछले कई दिनों से घर-घर सम्पर्क कर होलिका दहन और धुलण्डी के दिन कॉलोनी में निर्धारित कृष्णा मैदान में सम्मिलित होने के लिए आमन्त्रित किया गया। सोमवार 02 मार्च को प्रातः 8:00 बजे विधि पूर्वक होलिका दण्ड/डांडा का रोपण किया गया ।




# प्रिंस महाविद्यालय चौमूं में हुआ होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन

**जयपुर (संस्कार सृजन)।** प्रिंस एजुकेशन ग्रुप के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया । कार्यक्रम का शुभारंभ प्रिंस एजुकेशन ग्रुप के चेयरमेन कैलाश चौधरी ने दीप प्रज्जवलन के साथ किया ।इस अवसर पर विद्यार्थियों ने होली के पारंपरिक रिवाज से वातावरण को उल्लास और रंग से भर दिया । संस्था के निदेशक कैलाश चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि होली प्रेम भाईचारे और आपसी सौहार्द का पर्व है । प्रिंसिपल डॉक्टर राजेश गौड ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी का जीवन रंग बिरंगों रंगो के जैसे खुशियों से भरा रहे । कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।



धर्म दर्शन

# पाक्षिक राशिफल



अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता
पंडित रविन्द्राचार्य




**मेष-** जो काम अटके हुए थे, उनमें अब तेजी आने लगेगी। करियर में सकारात्मक बदलाव के संकेत हैं और वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा। किसी भी नए निवेश या डील से पहले पूरी जांच-पड़ताल करें। निजी जीवन में संतुलन बना रहेगा और जीवनसाथी का साथ मिलेगा। हालांकि, सेहत को नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है ।

**वृषभ-** ऑफिस में काम का दबाव बढ़ सकता है, लेकिन आपकी मेहनत की सराहना होगी। व्यापार से जुड़े लोगों के लिए यात्रा लाभदायक साबित हो सकती है। परिवार के साथ तालमेल बेहतर रहेगा। सिंगल लोगों के जीवन में किसी खास की एंट्री संभव है। सेहत सामान्य रहेगी, लेकिन थकान से बचें।

**मिथुन-** काम ज्यादा रहेगा, लेकिन परिणाम भी संतोषजनक मिलेंगे। नई जिम्मेदारी मिलने से आपकी छवि मजबूत होगी। रुका हुआ पैसा वापस मिलने की संभावना है। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है। परिवार में सकारात्मक माहौल रहेगा और किसी धार्मिक यात्रा की योजना बन सकती है।

**कर्क-** आप अपने घर या लाइफस्टाइल पर पैसा खर्च कर सकते हैं। व्यापारियों के लिए समय अनुकूल है और बड़ी डील फाइनल हो सकती है। नौकरीपेशा लोगों को काम में संतोष मिलेगा। परिवार के साथ छोटी यात्रा संभव है। माता-पिता का सहयोग मिलेगा। सेहत सामान्य रहेगी, लेकिन आराम की कमी से बचें।

**सिंह-** कामकाज में मनचाहे परिणाम मिलने के संकेत हैं। व्यापार में मुनाफा और नई योजनाओं में सफलता मिल सकती है। नौकरी में आपकी प्रशंसा होगी। निजी जीवन में सुख-शांति रहेगी । खर्च थोड़ा बढ़ सकता है, लेकिन आर्थिक स्थिति संतुलित रहेगी।

**कन्या-** काम का दबाव बढ़ेगा । वाणी पर नियंत्रण रखें, क्योंकि छोटी बात भी विवाद बन सकती है। कानूनी या नियमों से जुड़े मामलों में सावधानी बरतें। निजी जीवन में थोड़ा तनाव संभव है, लेकिन धैर्य से समाधान मिलेगा। सेहत को लेकर सजग रहें और पर्याप्त आराम करें।

**तुला-** प्रमोशन या नई नौकरी का अवसर मिल सकता है। व्यापार में अच्छा लाभ होगा। प्रॉपर्टी या वाहन खरीदने का विचार बन सकता है। प्रेम जीवन में मधुरता रहेगी और वैवाहिक जीवन संतुलित रहेगा। परिवार के साथ समय बिताने से मन प्रसन्न रहेगा।

**वृश्चिक-** अपनी समझदारी से हर चुनौती पार कर सकते हैं। नौकरी में सुधार और व्यापार में रुका पैसा मिलने की संभावना है। विरोधियों पर आपकी जीत होगी। निजी जीवन में जीवनसाथी का साथ मिलेगा सेहत पर ध्यान दें और दिनचर्या संतुलित रखें।

**धनु-** मन में बेचैनी रह सकती है और काम में अपेक्षित पहचान न मिले तो निराशा हो सकती है। खर्चों पर नियंत्रण रखें और गलत संगति से दूर रहें। निजी जीवन में धैर्य बनाए रखें। सेहत को लेकर लापरवाही न करें।

**मकर-** काम में देरी हो सकती है और मानसिक थकान महसूस हो सकती है। व्यापार में कागजी कार्रवाई मजबूत रखें। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप से बचें। परिवार में संतुलन बनाए रखें और निजी बातें सीमित रखें। सेहत को लेकर सावधानी जरूरी है।

**कुंभ-** अटके काम पूरे होंगे और प्रभावशाली लोगों से लाभ मिलेगा। आय के नए स्रोत खुल सकते हैं। परिवार के साथ समय अच्छा बीतेगा और जीवनसाथी के साथ तालमेल बेहतर रहेगा। सेहत सामान्य रहेगी।

**मीन-** यह समय संतुलन और आत्ममंथन का है। खर्च बढ़ सकते हैं, इसलिए बजट संभालकर चलें। आध्यात्मिक रुझान बढ़ेगा और मन शांति की तलाश करेगा। काम में स्थिरता रहेगी । सेहत को लेकर सतर्क रहें ।

# कहानी (चीते का दत्तक पुत्र)



प्रभाती लाल सैनी

एक गाँव में बूढ़े पति-पत्नी रहते थे। उनके कोई संतान नहीं थी । वे बहुत ग़रीब थे। उनके पास एक अंगुल भी ज़मीन नहीं थी। वे रोज़ वन में जाते, कंदमूल खोदकर निकालते और खाते थे। बस, यही उनके जीने का सहारा था। संयोग की बात थी कि बुढ़ापे में पत्नी के पाँव भारी हो गए। नौ महीने बाद जंगल में कंदमूल खोदते हुए उसने बच्चे को जन्म दिया। बुढ़िया ने बूढ़े को आवाज़ दी, सुनते हो, बच्चा हुआ है। अब हम क्या करें?

बूढ़े ने कहा, घर में एक दाना भी नहीं है। न कपड़े हैं न और कुछ। हमें इसे पालेंगे कैसे?

बुढ़िया ने कहा, तो ठीक है, इसे यहीं छोड़ देते हैं। इसके भाग्य में लिखा होगा तो कोई इसे पाल लेगा।

सो बच्चे को वहीं छोड़कर वे घर चले गए। बच्चे के रोने की आवाज़ सुनकर एक चीता वहाँ आया और उसे अपने घर ले गया। वह उसका अपने बच्चे की तरह पालन-पोषण करने लगा।

वह बड़ा हुआ तो चीते को उसके ब्याह की फ़िक्र में एक दिन उसने लड़के से पूछा, कहो तो तुम्हारे लिए एक लड़की ले आऊँ?

लड़के ने कहा, जो आपकी मर्ज़ी! अगर आप मेरी शादी करना चाहते हैं तो कोई लड़की ले आइए!

चीता गया और किसी लड़की के उधर से गुज़रने का इंतज़ार करने लगा। आख़िर एक लड़की आई। चीता उसे उठाकर घर की तरफ़ चल दिया। रास्ते में वह अपने पर क़ाबू न रख सका और उसका आधा कान खा गया। वह उसे लेकर घर पहुँचा और लड़के से कहा, बेटे, मैं तुम्हारे लिए एक लड़की लाया हूँ। जाओ, एक नज़र देख लो!

लड़के ने बाहर जाकर देखा, अरे, इसका तो एक कान आधा ग़ायब है! वह वापस चीते के पास गया और कहा, पिताजी, मुझे आधे कान वाली लड़की नहीं चाहिए। एक-एक कर चीता कई लड़कियाँ लाया। पर किसी का वह हाथ खा जाता तो किसी का नाक तो किसी का कान।

आख़िर एक दिन लड़के ने कहा, पिताजी, मेरे लिए कोई अच्छी लड़की लाइए, पूरे शरीर वाली। सो चीता एक बार फिर गया। इस बार एक पूरी लड़की लाने के लिए। वह ऐसे घर में गया जहाँ शादी हो रही थी। वह फेरों के बीच में ही मंडप से दुलहन को उठा लाया। चीते को देखकर घराती-बराती सब भाग छूटे। इस बार चीते ने बहुत सावचेती बरती, दुलहन को सही-सलामत घर लाया और बेटे से उसका ब्याह कर दिया।

कुछ दिन पति-पत्नी बहुत सुख से रहे। एक रोज़ सब्ज़ी काटते हुए पत्नी की अंगुली कट गई। रिसते ख़ून को उसने पत्तियों से पोंछ दिया। ख़ून की गंध पाकर चीता उन पत्तियों के पास गया और उन्हें चाटा। सोचा, अगर उनके ख़ून का स्वाद इतना अच्छा है तो उनका माँस कैसा होगा! मैं उन्हें खाऊँगा।

हो सकता है यह सोचते हुए उसके मुँह से कुछ निकल गया हो या उसकी आँखों की रंगत ने चुग़ली खाई हो। जो हो, पति-पत्नी समझ गए कि चीते की नीयत में खोट है। वह उन्हें खाएगा। उसी रात को वे वहाँ से रफ़ूचक्कर हो गए। सुबह चीते ने देखा कि दोनों का कहीं पता नहीं है। उनके पाँवों के निशानों के सहारे वह उनके पीछे गया।

पति-पत्नी एक पेड़ पर बैठे थे और चीते की बाट जोह रहे थे। ज्यों ही चीता पेड़ के नीचे आया लड़का तलवार लिए हुए उस पर कूदा और उसका काम तमाम कर दिया।

फिर दोनों लड़की के गाँव गए। लड़के के सास-ससुर उन्हें देखकर बहुत खुश हुए। उन्होंने तो सोचा था कि चीता लड़की को मारकर खा गया होगा। उस दिन से लड़का और उसकी पत्नी वहीं रहने लगे।

## जिलाध्यक्ष अजय चौहान ने दी सेवानिवृत होने पर बधाई

**जालोर (संस्कार सृजन)।** अध्यापक बाबूलाल रा.उ.मा. वि. रेवतडा जालोर में कार्यरत के सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया ।समारोह में अधिकारी कर्मचारी ने उनके सेवाकाल को याद करते हुए कार्यशैली की सराहना की । इस अवसर पर राजस्थान संयुक्त कर्मचारी एवं मजदूर महासंघ जिला जालोर जिलाध्यक्ष अजय चौहान ने बाबूलाल अध्यापक को फूलमाला पहनाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी । उन्होंने कहा कि बाबूलाल अध्यापक ने अपने सेवाकाल में पूरी निष्ठा, लग्न और ईमानदारी से दायित्वों का निर्वहन किया, जो विभाग के लिए प्रेरणास्त्रोत रहा, समारोह में अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे और सेवानिवृत अधिकारी के स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की ।



## डॉ. राजेश कुमार सैनी ने किया ग्रीन हाउस का दौरा



**नवलगढ़ (संस्कार सृजन)।** आज के दौर में कृषक संरक्षित खेती के रूप में नवाचार अपना रहे हैं और ऐसे ही एक प्रगतिशील कृषक ओमप्रकाश सैनी है जिनके शेड नेट का क्षेत्रफल 4000 वर्ग मीटर का है जिन्होंने बीज रहित खीरे की फसल लगा रखी है गत वर्ष एवं वर्तमान में बीज रहित खीरे की फसल लगाकर उच्च गुणवत्ता का उत्पाद एवं ज्यादा उत्पादन प्राप्त कर अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं । रोजाना आसपास के कृषक एवं ग्रामीण युवा उनका ग्रीन हाउस देखने को आते हैं और जानकारी हासिल करते हैं विजय एवं सुनील ने बताया कि वह अपना उत्पाद नवलगढ़ सीकर सब्जी मंडी के अलावा बिग बास्केट कंपनी को भी बेचते हैं ।डॉ. राजेश कुमार सैनी हरित गृह विशेषज्ञ इंटरनेशनल ट्रेनर एवं भूत पूर्व कार्यवाहक संयुक्त निदेशक तकनीकी इंटरनेशनल हॉर्टिकल्चर इनोवेशन और ट्रेनिंग सेंटर दुर्गापुर जयपुर ने कृषक के शेड नेट हाउस का दौरा किया वहां उपस्थित कृषक भाइयों एवं बहनो को समन्वित कीट एवं रोग प्रबंधन समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन तुड़ाई उपरांत प्रबंधन एवं मार्केटिंग के गुरु सिखाएं ।

इस अवसर पर विजय, नरेश, पियूष, ओमप्रकाश, रामगोपाल, सुनील, राधेश्याम, मोहनलाल, सुशीला देवी, पूनम देवी एवं अन्य ग्रामीण युवा उपस्थित थे । विजय एवं सुनील ने बताया की ग्रीन हाउस लगाने के पश्चात उनके परिवार की आमदनी बढ़ने के साथ-साथ समाज में मान सम्मान मैं भी बढ़ोतरी हुई है ।

उन्होंने सरकार की नेशनल हॉर्टिकल्चर मिशन परियोजना को कृषकों के लिए बेहद उपयोगी बताया एवं उद्यानिकी अधिकारियों के सहयोग की बात भी कही ।

## तोषनीवाल परिवार के फागोत्सव में होली के गीतों पर झूमे लोग

**जयपुर (संस्कार सृजन)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कान्ति चंद रोड, बनीपार्क, जयपुर स्थित श्री विला अपार्टमेंट में तोषनीवाल परिवार द्वारा होली के पावन त्यौहार पर फागोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक दामोदर तोषनीवाल ने बताया कि रंगों की होली तो हर कोई खेलता है लेकिन हमारे यहां पर आज होली के गीतों के साथ फूलों से जमकर होली खेली और नृत्य कर आनंद लिया । जयपुर शहर की नामचीन हस्तियों ने शिरकत की । जयपुर कल्चर सोसायटी की अध्यक्ष कंचन आनंद ने कहा कि आज फूलों से होली खेल कर मजा आ गया ।फागोत्सव के दौरान समाजसेवी निर्मला रावत, धोबलाई ग्राम पंचायत प्रशासक रमेश शर्मा, पूर्व एडिशनल एसपी एसएन त्रिपाठी, सीनियर न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर रोहन भाटिया, बीजेपी ब्लॉक प्रेसिडेंट राजकुमार शर्मा, एडिशनल एसपी राजेश वर्मा, लोक अदालत मजिस्ट्रेट उर्मिला वर्मा और सिंगर योगीराज, साकिब ,अतुल राव, उर्मिला नियाति, आनंद शर्मा, लक्ष्मण वाधवानी, संध्या टंडन,सुधीर बाडोलिया,विल्सन राय सहित कई लोगों ने फागोत्सव का जमकर आनंद लिया ।



## ब्राह्मण समाज ने उपनयन संस्कार को लेकर दिया गणेशजी को निमंत्रण

**जयपुर (संस्कार सृजन)।** ब्राह्मण समाज राजस्थान, जयपुर जिला देहात के तत्वावधान में दिनांक 8 मार्च 2026 (रविवार) को कागलिया वाले बालाजी मंदिर, मोरीजा रोड चौमूं में आयोजित होने वाले उपनयन (यज्ञोपवीत) संस्कार के संदर्भ में गढ़ परिसर स्थित गणेश मंदिर में विधिवत गणेश निमंत्रण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पंडित ईश्वर दास शर्मा एवं पंडित अरुण कुमार शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना संपन्न करवाई। जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाड़ी ने पदाधिकारियों के साथ मिलकर गणेशजी को आगामी उपनयन संस्कार समारोह हेतु सादर निमंत्रण अर्पित किया। इस अवसर पर जिला महासचिव बनवारी लाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 8 मार्च को आयोजित उपनयन संस्कार समारोह वैदिक रीति-रिवाजों एवं मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधानपूर्वक संपन्न कराया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के संत-महात्मा भी भाग लेंगे तथा बटुकों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। गणेश निमंत्रण कार्यक्रम के दौरान अशोक रेवाड़का, डॉ. रामप्रकाश शर्मा, ओमप्रकाश रीडर, चंद्रप्रकाश शर्मा, राधेश्याम जोशी, नारायण लाल शर्मा, सत्यप्रकाश पारीक, दामोदर प्रसाद खांडल, एडवोकेट हेमेंद्र शर्मा, भवानी शंकर शर्मा, प्रकाश देवी शर्मा, वंदना शर्मा, आशा शर्मा सहित समाज के पदाधिकारी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।



# गौरक्षक दल ने किया प्लास्टिक डिस्पोजल यूज़ नहीं करने वाले भंडारा संचालकों का सम्मान

**जयपुर (संस्कार सृजन)।** बाबा श्याम का लक्खी मेला हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ । लाखों श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन कर सुख-शांति की कामना की । वहीं पद यात्रियों की सेवा के लिए हर कोई आगे दिखाई दिया । कई समाजसेवी संस्थाओं और व्यक्तियों ने पदयात्रियों की सेवा के लिए भंडारों का आयोजन किया । भंडारों में खान-पान, चिकित्सा, विश्राम सहित सोने की व्यवस्थाएं भी माकूल रही। पुलिस प्रशासन की भी चाक चौबंद व्यवस्था रही । हर बार की तरह इस बार भी गौरक्षक दल अध्यक्ष शेर सिंह कुमावत के नेतृत्व में द्वारा एनएच 52 पर बिना प्लास्टिक डिस्पोजल के भंडारा लगाने वाले श्री श्याम भंडारा प्रसादी सेवा समिति जयपुर, श्री श्याम सलोना परिवार कालाडेरा, श्री श्याम सेवा परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट जयपुर, श्री प्रदोष पदयात्री सेवा समिति जयपुर, श्री श्याम सखा परिवार बेनाड रोड जयपुर के



संचालकों का सम्मान किया गया । गौरक्षक दल अध्यक्ष शेर सिंह कुमावत ने भंडारा आयोजकों को सम्मान स्वरूप तलवार भेंट की, उन्होंने कहा कि आप लोगों ने सच्ची मानवता दिखाई है क्योंकि प्लास्टिक डिस्पोजल को खाकर गौ माता अकाल मौत का शिकार होती है ।


भंडारे तो सेवा के लिए किए जाते हैं, ना कि प्रकृति और बेजुबान जीवों को तकलीफ देने के लिए । अन्य सभी भंडारा संचालकों को भी इससे प्रेरणा लेकर भविष्य में प्लास्टिक डिस्पोजल को ना कहना चाहिए, जिससे बाबा श्याम प्रसन्न होंगे और पर्यावरण तथा गौ माता सुरक्षित रह सकेगी । शेर सिंह ने सुचारू व्यवस्थाओं के लिए शासन -प्रशासन का भी धन्यवाद ज्ञापित किया ।

सम्मान समारोह के दौरान,सुरेश योगी, विजय कुमावत, लोकेश डेनवाल, किस्मत सिंह शेखावत, तुलसी राम डेनवाल, भगवान सहाय यादव, घनश्याम यादव,कपिल कुमावत सहित कई लोग मौजूद रहे ।

# श्री नहर के गणेशजी मंदिर में फागोत्सव की धूम

**जयपुर (संस्कार सृजन)।** ब्रह्मपुरी माउंट रोड स्थित अति प्राचीन दाहिनी सूंड दक्षिणमुखी श्रीनहर के गणेशजी मंदिर में फागोत्सव मनाया गया। मंदिर युवाचार्य पं. मानव शर्मा ने बताया कि यह उत्सव मंदिर महंत पं. जय शर्मा के सान्निध्य में प्रातः गणपति की पूजा-अर्चना करके रंगबिरंगी फागुणिया पौशाक पहनाकर प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर मंदिर में रंगबिरंगे परिधानों एवं ढप-चंग पिचकारी, रंग-बिरंगी गुलाल से फागुणिया झांकी सजाई गई ।

दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक गुलाबो सपेरा व साथी कलाकार, सुरेश पांचाल, नृत्य गुरु राजेंद्र राव व उनके शिष्य, गोपाल सिंह राठौड़ एवं भवई नृत्यांगना आचुकी सागर के भवई तथा मीनाक्षी डांसर व श्याम जी झांकी वालों की झांकियों तथा परवीन मिर्जा, उग्रसेन तंवर के कार्यक्रम हुए तथा आरती के पश्चात राष्टीय अंतरराष्टीय कथक कलाकारों के नृत्य के कार्यक्रम हुए ।इसमें प्रमुख रूप से नृत्य गुरु शशि सांखला व शिष्य, संगीता सिंघल व शिष्य, शिवी जोशी, मोनिका अग्रवाल, नलीनी, रोहित मदन महाराज, जयराज जबड़ा व शिष्यगण,



परमेश्वर कथक, सांवरमल कथक, दिलशाद के कार्यक्रम हुए मंच संचालन राजेश आचार्य व आरडी अग्रवाल ने किया। वहीं राजस्थानी फिल्म अभिनेता उग्रसेन तंवर और मीनाक्षी सेन ने प्रसिद्ध हास्य नृत्य तंबाकुडी पर भक्त जनों की जमकर तालियां बटोरी ।


## न्यूज इन बॉक्स



# RUHS में 3 साल की बच्ची की हुई कॉक्लियर इम्प्लांट-सर्जरी

### आधुनिक टेक्नोलॉजी में मरीज का मैपिंग डेटा मेमोरी में रहेगा सेव; नई तकनीक पर अपडेट भी होगा

जयपुर (नि.सं.)। जयपुर में 3 साल की बच्ची की लेटेस्ट टेक्नॉलोजी का स्मार्ट कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी की गई। डॉक्टरों के मुताबिक ये अत्याधुनिक इम्प्लांट राज्य में पहली बार किसी मरीज को लगाया गया है। इसमें खास बात यह है कि इसमें इनबिल्ट इंटरनल मेमोरी है, जो मरीज का पूरा मैपिंग डेटा सेव रखेगा। साथ ही नई तकनीक आने पर इस इम्प्लांट को मोबाइल फोन की तरह अपडेट भी किया जा सकेगा। राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ एंड साइंसेज (RUHS) हॉस्पिटल में बच्ची का ऑपरेशन किया गया। आरयूएचएस में ईएनटी के सीनियर प्रोफेसर डॉ. मोहनीश ग्रोवर ने बताया- NEXA स्मार्ट कॉक्लियर इम्प्लांट राजस्थान का पहला अत्याधुनिक और एडवांस कॉक्लियर इम्प्लांट है। यह न सुन पाने की बीमारी से ग्रसित बच्चों के इलाज में नई दिशा देगा। उन्होंने बताया- उदयपुर की रहने वाली तीन साल की बच्ची शनाया में स्मार्ट कॉक्लियर इम्प्लांट लगाया गया है।



### जैसलमेर में चादर महोत्सव का शुभारंभ

# आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत बोले दादागुरू ने समाज को दी दिशा

जैसलमेर(वि.सं.)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने जैसलमेर के डेडानसर मैदान में तीन दिवसीय चादर महोत्सव की शुरूआत की। गच्छाधिपति आचार्य जिनमणिप्रभ सुरीश्वर जी महाराज की निश्रा में आयोजित कार्यक्रम के पहले दिन धर्मसभा को संबोधित करते हुए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक एकात्मता, सामाजिक सद्भाव एवं समरसता में दादागुरु परंपरा का अहम योगदान है। आज सैंकड़ों की संख्या में दादाबाड़िया धार्मिक अनुष्ठानों, परपंरा, लेखन, आध्यात्म और संस्कृति की वाहक बनी हुई है। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण 7 मार्च को विश्वभर में एक साथ 1 करोड़ 8 लाख श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक दादागुरु इकतीसा पाठ का ऐतिहासिक महासंकल्प है। महोत्सव स्थल से पहले आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने जैसलमेर किले में दादा जिनदत्त सूरि की पवित्र चादर का दर्शन किया।





जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई जिला निष्पादक समिति की बैठक

# विद्यालयों में बुनियादी सुविधाएं हों सुनिश्चित, सरकारी योजनाओं का हो प्रभावी क्रियान्वयन

जयपुर(नि.सं.)। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को सभी राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने एवं राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न शैक्षिक योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश दिये हैं। जिला कलक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को शिक्षा विभाग की जिला निष्पादक समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पीएम श्री स्कूलों का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा विद्यालय परिसरों में पेयजल, स्वच्छ एवं उपयोगी शौचालय, पुस्तकालय, विद्युत व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं सुचारु रूप से संचालित रहें। डॉ. सोनी ने विद्यालयों के पुस्तकालयों को अधिक सक्रिय बनाने पर भी जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि पुस्तकालयों में उपलब्ध पुस्तकों का विद्यार्थियों के बीच नियमित वितरण किया जाए तथा विद्यार्थियों को पुस्तक अध्ययन के लिए प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही विद्यार्थियों में पुस्तकों के संरक्षण एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के लिए भी प्रयास किए जाएं।

# बहरोड़ में केमिकल फैक्ट्री में लगी आग

बहरोड़(वि.सं.)। बहरोड़ के केशवाना औद्योगिक क्षेत्र स्थित एरोमेटिक अलाइड कैमिकल फैक्ट्री में शुक्रवार को भीषण आग लग गई। आग लगने से फैक्ट्री परिसर में अफरा-तफरी मच गई। फैक्ट्री प्रबंधन ने तुरंत दमकल विभाग और पुलिस को सूचना दी। 8 दमकल की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है। हादसा टैंकर से कैमिकल खाली करते समय रिसाव के कारण हुआ। इसी दौरान धमाके के साथ आग लग गई। तेज हवा के कारण आग फैल गई थी।

**कोटपूतली और बहरोड़ से दमकल पहुंची-** आग कैमिकल से भरे एक हिस्से में लगी, जिसके कारण कुछ ही देर में लपटें तेज हो गईं और धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई देने लगा। आग बुझाने के लिए बहरोड़, कोटपूतली, पावटा, नीमराना, बानसूर से दमकल की 8 गाड़ियां मौके पर पहुंची। फैक्ट्री परिसर के आसपास से लोगों को दूर किया गया है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। हालांकि शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है।

**कलेक्टर-एसपी मौके पर पहुंचे-** बचाव के लिए पड़ोसी कंपनी श्रीनाथ लाइफ साइंस के अंदर रखे हुए केमिकल के ड्रम पर भी पानी का छिड़काव किया जा रहा है। ताकि यहां आग लगने की घटना ना हो। फिलहाल आग से हुए नुकसान का आकलन नहीं हो पाया है।


# फार्म- 4

## ( नियम 8 देखिए )

| | |
|---|---|
| 1. प्रकाशन का स्थान | : जयपुर |
| 2. प्रकाशन अवधि | : पाक्षिक |
| 3. मुद्रक का नाम | : राम गोपाल सैनी |
| (क्या आप भारत के नागरिक है?) | : हाँ |
| (यदि विदेशी है तो मूल देश ) | : नहीं |
| पता | : वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर |
| 4. प्रकाशक का नाम | : राम गोपाल सैनी |
| (क्या आप भारत के नागरिक है?) | : हाँ |
| (यदि विदेशी है तो मूल देश ) | : नहीं |
| पता | : वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर |
| 5. सम्पादक का नाम | : राम गोपाल सैनी |
| (क्या आप भारत के नागरिक है?) | : हॉं |
| (यदि विदेशी है तो मूल देश ) | : नहीं |
| पता | : वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर |
| 6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हो तथा जो समस्त पूँजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार(एकमात्र स्वामी) हों। | : राम गोपाल सैनी वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर |

मैं राम गोपाल सैनी एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य है।

दिनांक : 7 मार्च, 2025

**(राम गोपाल सैनी)**
**प्रकाशक के हस्ताक्षर**


RNI N0. - RAJHIN/2021/80841
www.sanskarnews.page
EMAIL-sanskarsrijan21@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित।

उपसंपादक- रजनीश सैनी